# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 18.12.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

***********************

लोकसभा ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण के लिए गारंटी विकसित भारत ग्रामीण विकास विधेयक–जी–राम–जी–2025 पारित कर दिया है। यह विधेयक, बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम–मनरेगा–2005 का स्थान लेगा। विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नया कानून सभी राज्यों को न्याय दिलाएगा।

***********************

सरायकेला जिले के कारीगरों और शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***********************

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की कम समय में उच्च–प्रभावशीलता के साथ अभियान चलाने की क्षमता को दिखाया है। नई दिल्ली में वायु सेना कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की वायु रक्षा प्रणाली और दूसरे उपकरणों के प्रभावी उपयोग की सराहना की और कमांडरों से भविष्य की चुनौती के लिए ऑपरेशन से सीख लेने का आग्रह किया।

***********************

नई दिल्ली में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने वीर रंग प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रांची के बच्चों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित पेंटिंग्स देखकर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि ये पेंटिंग्स बच्चों और सेना के बीच अनमोल रिश्ते और प्रेम को दर्शाती हैं। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर रांची के बच्चों की कलात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की।

***********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड आंदोलन के प्रणेता और गिरिडीह के पूर्व सांसद विनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से श्री महतो के योगदान को याद करते हुए नमन किया।

***********************

झारखंड विधानसभा प्रत्ययुक्त समिति के सदस्य सरयू राय ने साहिबगंज जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। इससे पहले उन्होंने गंगा स्नान, बंदरगाह और गंगा पुल का निरीक्षण किया।

***********************

हजारीबाग के बरही थाना क्षेत्र के हरीनगर में बच्चों की मामूली कहासुनी के बाद नाबालिग से मारपीट का मामला सामने आया है, जिस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। बरही अनुमंडल के एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि क्रिकेट खेल के दौरान हुए विवाद में एक व्यक्ति ने 11 वर्षीय बच्चे के साथ मारपीट की, जो कानून और मानवता दोनों के खिलाफ है।

पुलिस ने पीड़ित की मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

***********************

रांची लोकसभा क्षेत्र में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में भाजपा कार्यकर्ता भी सक्रिय सहभागिता निभाएंगे, जिसमें भाजपा रांची महानगर और रांची ग्रामीण के बीच फुटबॉल और क्रिकेट मुकाबले होंगे। यह जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर सांसद संजय सेठ ने देते हुए कहा कि यह आयोजन केवल खिलाड़ियों और नागरिकों का नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं का भी उत्सव है। सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत यह प्रतियोगिताएं 21 दिसंबर को सुबह साढ़े दस बजे रातू रोड स्थित ओटीसी ग्राउंड में आयोजित की जाएंगी।

***********************